# बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

**विज्ञप्ति सं0–PR.....199...../2020**

**माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2019 के ऑनलाईन विधि से होने वाली पुनर्परीक्षा का प्रवेश–पत्र निर्गत करने एवं परीक्षा संबंधी निदेश के संबंध में आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2019 की पुनर्परीक्षा में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी तथा उनके अभिभावक, संबंधित जिला शिक्षा पदाधिकारी, संबंधित जिला पदाधिकारी एवं सभी संबंधित को सूचित किया जाता है कि **माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2019** की पुनर्परीक्षा ऑनलाईन माध्यम से दिनांक **09.09.2020** से **21.09.2020** तक बिहार राज्य के पटना, भोजपुर, नालन्दा, गया, छपरा, वैशाली, मुजफ्फरपुर, औरंगाबाद, दरभंगा, समस्तीपुर, भागलपुर एवं पूर्णियां जिला मुख्यालय में तीन पालियों में आयोजित होगी, जिसका कार्यक्रम निम्नवत् है:–

| पाली | प्रथम पाली | द्वितीय पाली | तृतीय पाली |
|---|---|---|---|
| **Reporting Time** | पूर्वाह्न 07:00 बजे | पूर्वाह्न 11:00 बजे | अपराह्न 03:00 बजे |
| **Gate Closing Time** | पूर्वाह्न 07:30 बजे | पूर्वाह्न 11:30 बजे | अपराह्न 03:30 बजे |
| **Examination Time** | (पूर्वाह्न 08:00 बजे से पूर्वाह्न 10:30 बजे तक) | दोपहर 12:00 बजे से अपराह्न 02:30 बजे तक | अपराह्न 04:00 बजे से अपराह्न 06:30 बजे तक |

2. माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2019 की पुनर्परीक्षा का प्रवेश–पत्र दिनांक 03.09.2020 से समिति के वेबसाईट www.bsebstet2019.in एवं http://biharboardonline.bihar.gov.in पर अपलोड रहेगा। उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने वाले सभी अभ्यर्थी दिनांक 03.09.2020 के अपराह्न से अपने यूजर आई0डी0 एवं पासवर्ड का उपयोग कर समिति के वेबसाईट www.bsebstet2019.in एवं http://biharboardonline.bihar.gov.in से अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे। इसके अलावे अन्य माध्यम से प्रवेश पत्र उपलब्ध नहीं कराया जायेगा।

3. उक्त परीक्षा के लिए निर्गत प्रवेश पत्र में परीक्षा केन्द्र का नाम, परीक्षा की तिथि, परीक्षा का समय, परीक्षा का विषय, परीक्षा केन्द्र पर पहुँचने का समय, परीक्षा केन्द्र का गेट बन्द होने का समय आदि विवरण अंकित रहेगा।

4. माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET) 2019 की पुनर्परीक्षा के पेपर–I एवं पेपर–II के लिए अलग–अलग प्रवेश–पत्र जारी किया गया है। दोनों पेपर में शामिल होने वाले परीक्षार्थी पेपर–I एवं पेपर–II का प्रवेश–पत्र अलग–अलग डाउनलोड करना सुनिश्चित करेंगे।

5. प्रवेश–पत्र डाउनलोड करने में अथवा प्रवेश–पत्र संबंधित अन्य किसी प्रकार की कठिनाई हो तो संबंधित परीक्षार्थी E-mail Id : bseb.stethelpdesk@gmail.com पर अपनी समस्या भेज सकते हैं, जहां पर समस्या का समाधान किया जायेगा तथा उन्हें सूचित किया जायेगा।

6. अभ्यर्थी परीक्षा की तिथि के कम से कम एक दिन पूर्व परीक्षा केन्द्र का Location ज्ञात कर लें, ताकि परीक्षा तिथि के दिन परीक्षा केन्द्र पर जाने में कोई कठिनाई न हो।

7. दिव्यांगजन अभ्यर्थियों को श्रुतिलेखक की सुविधा सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के पत्रांक–F.No. 16-110/2003-DD III दिनांक 26.02.2013 एवं पत्रांक –F. No. 34-02/2015-DD III दिनांक 29.08.2018 द्वारा संसूचित प्रावधान के आलोक में दिव्यांग परीक्षार्थियों को श्रुतिलेखक उपलब्ध कराने एवं अन्य सुविधा उपलब्ध कराने हेतु समिति का पत्रांक के0वि0 261/2020 दिनांक 31.08.2020 द्वारा सभी जिला पदाधिकारी, सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार एवं केन्द्राधीक्षक/सेन्टर मैनेजर को सूचित किया जा चुका है।

8. अभ्यर्थियों को इस ऑनलाईन परीक्षा के पूर्व अभ्यास हेतु एक URL/LINK बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के पोर्टल www.bsebstet2019.in एवं http://biharboardonline.bihar.gov.in पर दिनांक 03.09.2020 से उपलब्ध रहेगा, जिसके लिए User ID एवं Password की आवश्यकता नहीं होगी।

9. **माध्यमिक शिक्षक पात्रता परीक्षा (STET), 2019 की पुनर्परीक्षा हेतु परीक्षार्थियों के लिए आवश्यक निदेशः–**

(i) अभ्यर्थी आवेदन के साथ अपलोड किये गये फोटो की पासपोर्ट आकार का रंगीन फोटो को मूल प्रवेश–पत्र के निर्धारित स्थान पर चिपकाकर एवं स्व अभिप्रमाणित कर साथ में लाएँगे, जिसे परीक्षा कक्ष में वीक्षक को जमा करना होगा। मूल प्रवेश–पत्र की छायाप्रति अभ्यर्थी अपने पास सुरक्षित रखेंगे।

(ii) परीक्षा केन्द्र पर जूता–मोजा एवं घड़ी पहनकर आना वर्जित है।

(iii) अभ्यर्थी को वैध और मूल फोटो पहचान–पत्र यथा–निर्वाचन पहचान–पत्र/आधार कार्ड/बैंक पासबुक/ पासपोर्ट/ ड्राइविंग लाइसेंस या सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त अन्य फोटो युक्त पहचान पत्र में से कोई एक की मूल प्रति एवं छायाप्रति साथ में लाना है।

(iv) प्रवेश–पत्र पर बिना फोटो चिपकाये और बिना वैध फोटो पहचान–पत्र के अभ्यर्थी को परीक्षा में बैठने की अनुमति नहीं दी जायेगी। प्रवेश–पत्र और फोटो पहचान–पत्र में अंकित नाम में एकरूपता होना चाहिए, अन्यथा परीक्षा में भाग लेने की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(v) प्रवेश–पत्र पर अंकित समय पर अभ्यर्थी परीक्षा केन्द्र पर उपस्थित होंगे। निर्धारित समय पर परीक्षा केन्द्र का गेट बन्द हो जाने पर अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति नहीं दी जायेगी।

(vi) अभ्यर्थी अपने साथ लेखन सामग्री यथा–पेंसिल और बॉल प्वायन्ट पेन अवश्य लाएँगे। कोई भी रफ पेपर एवं अन्य सामग्री लाना वर्जित होगा।

(vii) परीक्षा कम्प्यूटर आधारित पद्धति पर होगी। अभ्यर्थी अपना युजर नाम और पासवर्ड, जो कि परीक्षा केन्द्र पर परीक्षा प्रारंभ के पूर्व आवंटित किए जाएँगे, को कम्प्यूटर पर डालने के बाद परीक्षा आरंभ हो जायेगा। कृपया यह आश्वस्त हो लें कि आपका नाम और अन्य विवरणी जो स्क्रीन पर प्रदर्शित हो रहे हैं, पूर्णतः सही है।

(viii) प्रत्येक प्रश्न 1 (एक) अंक का है। गलत उत्तर के लिए कोई अंक नहीं काटे जायेंगे। यानी निगेटिव मार्किंग नहीं होगी।

(ix) पुस्तक, नोट बुक, कैलकुलेटर, कैलकुलेटर घड़ी, पेजर्स, सेल फोन और जो कैलकुलेटर मेमोरी युक्त हो, किसी प्रकार का इलेक्ट्रॉनिक्स गैजेट्स, इयर फोन या रिकॉडिंग यंत्र इत्यादि परीक्षा भवन में ले जाना सर्वथा वर्जित है। कोई भी अभ्यर्थी इस प्रकार के अवैध सामग्री एवं परीक्षा भवन में निषिद्ध साधनों के रखने, प्रयोग करने, गलत हरकत या गलत आचरण करने या किसी से मदद लेते या देते पाये जाने पर उन्हें परीक्षा केन्द्र से निष्कासित/अयोग्य घोषित करते हुए अन्य सुसंगत कार्रवाई की जायेगी। प्रवेश–पत्र में अंकित परीक्षा केन्द्र, परीक्षा तिथि, समय आदि में परिवर्तन का दावा मान्य नहीं होगा।

(ix) प्रवेश–पत्र के विहित स्थान पर वीक्षक के समक्ष अपना हस्ताक्षर करना अनिवार्य है।

(x) जबतक परीक्षा की अवधि समाप्त नहीं हो जाती है, तब तक किसी भी अभ्यर्थी को परीक्षा–कक्ष छोड़ने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

**10. कोविड–19 से संबंधित निर्देश**

(i) अभ्यर्थी को भारत सरकार, गृह मंत्रालय एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के कोविड–19 से संबंधित निदेशों का पालन करना अनिवार्य होगा। परीक्षा केन्द्र एवं भवन में प्रवेश तथा निकलते वक्त सामाजिक दूरी का पालन करना आवश्यक है।

(ii) कोविड–19 को ध्यान में रखते हुए अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक है कि मास्क लगाकर तथा हाथ को सेनेटाइज करते हुए ही यात्रा करें एवं परीक्षा केन्द्र पर उपस्थति हो। इस महामारी के बचाव हेतु अपने साथ लाये हुए स्वच्छ पानी का ही पीने के लिए प्रयोग करें।

(iii) परीक्षा केन्द्र पर प्रत्येक दिन प्रत्येक पाली के पहले परीक्षा केन्द्र को सेनेटाईज करने तथा परीक्षा केन्द्र पर प्रवेश के समय अभ्यर्थियों के दोनों हाथ को सेनेटाईज करने की व्यवस्था समिति के द्वारा की गयी है।

(iv) कोविड–19 के लक्षणों वाले अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(v) प्रवेश–पत्र पर अंकित समयावधि में ही अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी तथा हर हालत में सामाजिक दूरी का पालन करना होगा।

(vi) परीक्षा कक्ष में प्रवेश काल में अभ्यर्थियों की थर्मोगन से तापमान की जांच की जाएगी। उन्हीं अभ्यर्थी को प्रवेश की अनुमति दी जाएगी, जिनका तापमान सक्षम प्राधिकार द्वारा निर्देशित मान्य तापमान 99.14° फारेनहाइट से अधिक नहीं होगी। उक्त से अधिक होने पर प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(vii) अभ्यर्थी का रॉल नम्बर के साथ कक्ष की सूचना परीक्षा केन्द्र के गेट पर बाहर प्रदर्शित नहीं की जाएगी। केन्द्र पर परीक्षा कक्ष में प्रवेश करने के समय ही प्रवेश–पत्र एवं पहचान–पत्र जांच के बाद परीक्षा कक्ष /सीट की जानकारी दी जाएगी।

(viii) अभ्यर्थी को परीक्षा कक्ष में प्रवेश करते समय वीक्षक अथवा टेक्नीकल सपोर्ट्स द्वारा दिये गये निदेश का पालन करना होगा।

(ix) रजिस्ट्रेशन डेस्क पर अभ्यर्थी के हाथों को सेनेटाईज किया जायेगा। रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया के क्रम से अभ्यर्थी का फोटो भी लिया जायेगा।

(x) अभ्यर्थी की गतिविधियाँ एवं परीक्षा की सम्पूर्ण प्रक्रिया सी०सी०टी०वी० कैमरे द्वारा लगातार रिकॉर्ड किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0 262 /2020 पटना, दिनांक 01 / 09 /2020

प्रतिलिपि – जन सम्पर्क पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा, समिति, पटना को सूचनार्थ एवं दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित करने हेतु प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0 262 /2020 पटना, दिनांक 01 / 09 /2020

प्रतिलिपि –उप निदेशक, आई०टी० (OFSS/उ०मा०), बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0 262 /2020 पटना, दिनांक 01 / 09 /2020

प्रतिलिपि –TCSiON Pvt. Ltd. एवं M/s Merit Trac Pvt. Ltd. को सूचनार्थ एवं विज्ञप्ति के आलोक में उक्त परीक्षा का प्रवेश–पत्र दिनांक 03.09.2020 को समिति के उक्त वेबसाईट www.bsebstet2019.in एवं http://biharboardonline.bihar.gov.in पर अपलोड करना सुनिश्चित किया जाय।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के0वि0 262 /2020 पटना, दिनांक 01 / 09 /2020

प्रतिलिपि –सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के०वि० 262 /2020 पटना, दिनांक : 01 / 09 /2020

प्रतिलिपि : सभी जिला पदाधिकारी, बिहार को सूचनार्थ प्रेषित।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना

ज्ञापांक : के०वि० 262 /2020 पटना, दिनांक : 01 / 09 /2020

प्रतिलिपि : अध्यक्ष/सचिव के आप्त सचिव एवं विशेष कार्य पदाधिकारी, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति को सूचनार्थ प्रेषित ।

परीक्षा नियंत्रक (विविध)
बिहार विद्यालय परीक्षा समिति, पटना